दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### सिंगल विंडो के लिये अधिकारी कर्मचारी की लगाई गई ड्यूटी

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री यशवंत कुमार ने लोकसभा निर्वाचन 2019 हेतु सिंगल विंडो की स्थापना की है। निर्वाचन के दौरान हवाई अड्डे हेलीपेड की अनुमति संबंधित कार्य हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सिंगल विंडो निर्वाचन के दौरान हवाई अड्डे हेलीपेड की अनुमति संबंधी कार्य हेतु नोडल अधिकारी विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री गुंजन शर्मा को नियुक्त किया गया है। कर्मचारियों में जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के सहायक ग्रेड 3 व्ही. बी.टोप्पो , महिला बाल विकास विभाग रायगढ़ के सहायक ग्रेड 3 देवेन्द्र वर्मा इसी प्रकार वन विभाग वन परिक्षेत्र रायगढ़ के भृत्य रविशंकर यादव शामिल है।

### 5 अभ्यर्थियों ने लिये नाम निर्देशन पत्र

रायगढ़। लोकसभा निर्वाचन 2019 के लिये लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 रायगढ़ के लिये आज अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र वितरित किया गया। जिनमें जय सिंह सिदार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, श्रीमती गोमती बाई को भारतीय जनता पार्टी, लालजीत सिंह राठिया को इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्रीमती तारिका तरंगिनी लकड़ा को निर्दलीय, इन्नोसेन्ट कुजुर को बहुजन समाज पार्टी के लिये नाम निर्देशन पत्र वितरित किये गये।

### वेंकट रमन रेड्डी के लिये लाईजनिंग अधिकारी दिनकर वासनिक नियुक्त

रायगढ़। लोकसभा निर्वाचन 2019 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 2 रायगढ़ अ.ज.जा. के लिये नियुक्त जनरल आब्जर्वर आई.ए.एस. वेंकट रमन रेड्डी के लिये नियुक्त लाईजनिंग अधिकारी में आंशिक संशोधन करते हुए आगामी आदेश तक लाईजनिंग अधिकारी सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक को नियुक्त किया गया है।

### शिव सेना से विजय लकड़ा रायगढ़ लोकसभा प्रत्याशी होंगे

रायगढ़। शिव सेना ने रायगढ़ लोकसभा से विजय लकड़ा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। प्रतयाशी की घोषणा होने के बाद विजय लकड़ा दोपहर को जेल रोड स्थित शिव सेना के जिला कार्यालय पंहुचे जहां शिव सैनिकों ने जय हो विजय हो के नारे के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

### सड़क दुर्घटना में बाईक सवार की मौत

खरसिया/रायगढ़। लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल चलाने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और खेत में जा गिरी जिससे चालक वहीं घटनास्थल पर मौत हो गई। रामायण सिंह पिता तिहारूराम राठिया उम्र 55 वर्ष साकिन बोकरदा की मौखिक सूचना पर बिना नम्बरी अपराध धारा 279,337,304(ए) आरोपी (मृतक) ज्ञानेश्वर सारथी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामायण सिंह पिता तिहारु निवासी बोकरदा अपने बेटे की बारात लेकर पुसल्दा आया था। 27 मार्च की सुबह 4 बजे करीब ज्ञानेश्वर सारथी मोटर सायकल क्र. सीजी 12 एई 5131को चलाते हुए रामायण सिंह के पुत्र चुपित राम को बैठाकर तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए 27 मार्च की शाम 04-05 बजे सुबह मोटर सायकल की गति नियंत्रण खोकर सड़क से खेत में मोटर सायकल सहित एक्सीडेंट हो गया जिससे ज्ञानेश्वर की मौत हो गई ।

# इंजीनियर सुशील गुप्ता अपहरण कांड में कोर्ट ने सुनाई 5 आरोपियों को उम्र कैद की सजा

रायपुर. वर्ष 2017 में राजधानी के सुंदर नगर से हुए कार्यपालन अभियंता के अपहण के मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने 5 आरोपियों को अलग-अलग धाराओं में आजीवन कारावास से लेकर एक वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. सभी सजा एक साथ चलेगी. वहीं मामले में शामिल एक नाबालिग आरोपी का प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड में पेश करने का आदेश दिया जा चुका है.



जानकारी के अनुसार, सीएमजीएसवाई रायगढ़ में कार्यपालन अभियंता सुशील गुप्ता का 17 मार्च 2017 को अपहरण कर लिया गया था, उनकी पत्नी की सूचना पर पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर महज 18 गंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर अपहरणकर्ताओं के चुंगल से छुड़ा लिया था. मामले में उनके पूर्व कर्मचारी कानपुर (उप्र) मनोज शर्मा के साथ उसकी पत्नी प्रीति शर्मा, अब्दुल समी और उनकी पत्नी मालती उर्फ खुशी, अब्दुल समी के साले अबोनी को और एक नाबालिग को पकड़ने में कामयाबी पाई थी.

मुख्य आरोपी मनोज शर्मा ने सुंदर नगर में रहने वाले सुशील गुप्ता के ठाठ-बाठ और बंगले को देखते हुए पैसा वसूल करने के लिए अपहरण की योजना अपने साथियों के साथ बनाई थी. अपहरण के लिए आरोपियों ने सुशील गुप्ता के चंगोराभाठा स्थित मकान को किराए पर लेने का बहाना बनाया था. सुशील के आने पर उसे माता-पिता से मिलाने के बहाने बोरियाकला स्थित मकान ले गए, जहां ऊपरी मंजिल में उसके हाथ-पैर बांधकर बंधकर बना लिया.

इसके बाद आरोपियों ने सुशील गुप्ता की पत्नी सुलभा से 10 लाख रुपए फिरौती की मांग की थी. पत्नी सुलभा ने समझदारी से काम लेते हुए इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी और पुलिस ने टीम गठित कर मोबाइल फोन का लोकेशन ट्रेस कर बंधक बनाए गए मकान में दबिश देकर मुख्य आरोपी और दो महिला सहयोगियों को मौके से गिरफ्तार किया था. बाद में अन्य तीन आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी पाई थी.

**अलग-अलग धाराओं में सुनाई गई सजा**

प्रकरण पर सुनवाई के बाद चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार वर्मा ने सभी पांचों आरोपियों को धारा 364 (क) के तहत आजीवन कारावास, धारा 120 (बी) के तहत आजीवन कारावास, धारा 342 के तहत एक वर्ष का सश्रम कारावास के अलावा मनोज शर्मा, अब्दुल समी और अबोनी को अलग से धारा 323 के तहत एक वर्ष का सश्रम कारावास और आयुध अधिनियम की धारा 25(1) (क) के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई. सभी सजा एक साथ चलेगी.

# आंख में मिर्ची पाउडर फेंक हजारों की लूट

## चार युवकों ने दिया घटना के अंजाम

खरसिया/रायगढ़। तकादा करने गए राशन विक्रेता से चार अज्ञात व्यक्तियों ने रास्ता रोककर आंख में मिर्ची पाउडर फेंक दिया और जब राशन विक्रे ता गिर गया तो खरसिया के व्यापारी के बैग में रखे 73300 रु लूट कर भाग गए। घटना ग्राम गोबरा एवं कटेकोनी के बीच हुई है। चारो युवक लगभग 20 से 22 वर्ष के हैं, लूट के बाद चारो युवक एक ही प्लेटिना बाईक फरार हो गए। कमल अग्रवाल की रिपोर्ट पर डबरा थाने में धारा 392 एवं 34 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया गया है।



कमल अग्रवाल निवासी अग्रसेन चौक, डभरा रोड राशन गल्ला का धंधा करता है। थोक फुटकर सामान बेचता है जो दिन गुरूवार को अपनी मोटर सायकल सोल्ड सीडी डीलक्स से ग्राहको से पैसा वसूल करने के लिये ग्राम चुरतेली गोबरा गया था। गोबरा में पवन से पैसा लेने के बाद अपनी मोटर सायकल से गोबरा से नहर पार रास्ता से कटेकोनी जा रहा था कि रास्ता नहर पार प्लेटिना रंग का खडा था। बैक लाईट गोल दो ब्यकित मोटर सायकल पास खड़े थे। तथा दो ब्यक्ति अलग अलग खड़े थे कि दिन लगभग 11/30 बजे कमल अग्रवाल जब पहला ब्यकित के पास जैसे ही पहुंचा की उसने कमल अग्रवाल की आंख में मिर्च पाउडर मारा तो आंख में जलन होने लगा और अन बैलेंस होकर वह नहर में गिर गया। जिससे उसका मोबाईल पैकेट से फेंका गया। मोटर सायकल के हेडिंल में बैग लटकाया था उस बैग में लगभग 73000/- रूपये था। मोबाईल तथा बैग रूपये सहित तथा मोटर सायकल का चाबी लूटकर चारो ब्यकित अपनी मोटर सायकल में बैठकर कटेकोनी की ओर भाग गये। चारो ब्यक्ति का उम्र लगभग 22-23 वर्ष ऊचाई लगभग 5.4 फीट के थे।

# कांग्रेस सरकार ने जनता से किए गए वादे निभायें

## लोकसभा चुनाव में मिलेगा फायदा :- राजेश कबुलपुरिया

खरसिया। सी-वोटर ने एक सर्वे किया है कि देश के विभिन्न राज्यों में मतदाता अपने प्रदेश की सरकार से कितना संतुष्ट हैं। सी-वोटर के इस सर्वे में छत्तीसगढ़ में 40.3 मतदाता सरकार से बहुत ज्यादा संतुष्ट हैं और 22.8 मतदाता सरकार से संतुष्ट हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के काम से 57.4 से अधिक मतदाता संतुष्ट हैं।



खरसिया शहर कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता राजेश कबुलपुरिया ने कहा है की इससे यह पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी की सरकार ने भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के विकास के लिए और जनता की सेवा के लिए बहुत बेहतर काम किया है। राज्य में गठित कांग्रेस सरकार ने जनता से किए गए वादे निभायें, किसानों का कर्जा किया माफ, 2500 रूपए धान का समथन मूल्य और अब बिजली बिल हाफ, 5000 फुट से छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री, तेंदूपत्ता के दाम में वृद्धि, वनोपज की, धान कटाई, किसानों की कर्ज माफी, खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आरंभ, तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य 2500 रूपये से बढ़ाकर 4000 रूपये, 15 लघुमूल्य वनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर, लोहाड़ीगुण्डा (बस्तर) में टाटा द्वारा अधिग्रहित भूमि की आदिवासी किसानों को निःशुल्क वापसी, 400 यूनिट तक के सभी घरेलू बिजली बिल हाफ, नरवा-गरूवा-घुरूवा-बारी के माध्यम से ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती जैसे ऐतिहासिक त्वरित निर्णयों के कारण कांग्रेस की सरकार के साथ लोगों का समर्थन है.

जिसका लाभ निश्चित रूप से आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा और छत्तीसगढ़ की 11 की 11 लोकसभा सीटें कांग्रेस के पक्ष में जाएगी।

# लक्की चार्म्स इवेंट कंपनी द्वारा एबेकस समर कैंप का आयोजन

रायगढ़। लक्की चार्म्स इवेंट कंपनी द्वारा शहर में पहली बार एबेकस समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है यह समर कैंप 30 अप्रैल से 15 मई तक चलेगा। इस समर कैंप में 6 साल से 13 साल तक के बच्चे हिस्सा ले सकते हैं। समर कैंप में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्त्रिया शुक्रवार 29 मार्च से शुरू हो जाएगा। परिजन अपने बच्चों को इस समर कैंप में शामिल करने के लिए 25 अप्रैल को शाम तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। 15 दिनों तक चलने वाले इस समर कैंप के दौरान बच्चों को अंकगणित के अन्तर्गत जोड़, घटाना, गुणा, भाग, सहित अलग-अलग बेसिक ट्रेनिंग के साथ ही छोटी-छोटी प्रतियोगिताओं में भी शामिल किया जाएगा। लक्की चामस् इवेंट कंपनी द्वारा आयोजित एबेकस समर कैंप के दौरान 30 अप्रैल व 1 मई को गौरी शंकर मंदिर चौक स्थित ग्रैंड मॉल में शाम 4 बजे से 7 बजे तक फ्री डेमो क्लास दिया जाएगा। वहीं 2 मई से 15 मई तक एनजीसी गुरू नानक स्कूल के सामने क्लास लिया जाएगा। जिसका समय सुबह 11 बजे से 1 बजे तक रहेगा। वहीं इस समर कैंप में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1500 रू. रखा गया है। जिसमें बच्चों को एबेकस कीट, किताब व दो दिनों की फ्री डेमो क्लास दिया जाएगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तयाबत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्त, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सैद्धांतिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विद्वानों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480